**स्मरण पत्र–1**
**अत्यावश्यक**

राजस्थान सरकार

**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

क्रमांक : एफ 15 (4) सांख्यिकी/आकाशि/आयो/2022–23/

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2023–24 की सांख्यिकी सूचना भिजवाने बाबत्।

संन्दर्भ :–महाविद्यालय में सत्र 2023–24 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सूचना स्प्रेडशीट Enrollment 2023-24 में अद्यतन करने तथा महाविद्यालय की सांख्यिकी पुस्तिका भिजवाने बाबत (राजकाज सन्दर्भ संख्या–5112169 दिनांक 01.12.2023 )

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि महाविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक सत्र 2023–24 की सांख्यिकी पुस्तिका दिनांक 15.12.2023 तक आयुक्तालय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु आदिनांक तक अधिकांश महाविद्यालयों से संबंधित सांख्यिकी पुस्तिका अप्राप्त है।

अतः पूर्व प्रेषित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 की महाविद्यालय से संबंधित सांख्यिकी सूचनाएं सांख्यिकी पुस्तिका में भरकर जिला नोडल राजकीय महाविद्यालय में दिनांक 08.01.2024 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। जिला नोडल राजकीय महाविद्यालय संबंधित महाविद्यालयों की भरी हुई सांख्यिकी पुस्तिका प्राप्त कर दिनांक **11.01.2024** तक आयुक्तालय में आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

**साथ ही स्प्रेडशीट Enrollment 2023-24 में भरी गई सूचना जांच लेवें एवं आवश्यक होने पर दिनांक 05.01.2024 तक अद्यतन कराया जाना सुनिश्चित करें।**

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**सलग्न :– उपरोक्तानुसार**

**(डॉ. विमलेश सोनी)**
संयुक्त निदेशक (आयोजना)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित् है–**

1. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. रक्षित पत्रावली।

**संयुक्त निदेशक (आयोजना)**

Signature valid
RajKaj Ref
5274937
Digitally signed by Vimlesh Soni
Designation : Associate Professor
Date: 2024.01.04 16:58:19 IST
Reason: Approved

**अत्यावश्यक**

राजस्थान सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ15(4)सांख्यिकी/आकाशि/आयो/2022–23/ दिनांक :

**प्राचार्य,**
**समस्त राजकीय महाविद्यालय,**
**(सामान्य, विधि, कृषि )**
**राजस्थान।**

विषय :– महाविद्यालय में सत्र 2023–24 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सूचना स्प्रेडशीट Enrollment 2023-24 में भरने तथा महाविद्यालय की सांख्यिकी भिजवाने बाबत्

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महाविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक सत्र 2023–24 की सांख्यिकी सूचनाएं आयुक्तालय को प्रेषित की जानी है। इस संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें–

**(अ) सांख्यिकी पुस्तिका भरने के संबंध में–**

1. सांख्यिकी सूचना भिजवाने हेतु सांख्यिकी पुस्तिका का प्रारूप आयुक्तालय की वेबसाईट (http://hte.rajasthan.gov.in) के 'Forms' मेन्यू पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध है।
2. सांख्यिकी सूचना भरने से पूर्व संलग्न निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।
3. डाउनलोड की गई सांख्यिकी पुस्तिका की PDF फाईल को A-4 साईज के पृष्ठ पर प्रिन्ट करवायें तथा महाविद्यालय सें संबंधित समस्त सूचनाएं भरकर स्पाईरल बाइन्ड करवाकर जिला नोडल राजकीय महाविद्यालय (सूची संलग्न) को दिनांक **15.12.2023** तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. जिला नोडल राजकीय महाविद्यालय अपने संबंधित महाविद्यालयों की भरी हुई सांख्यिकी पुस्तिका प्राप्त कर दिनांक **20.12.2023** तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

**(ब) स्प्रेडशीट "Enrollment 2023-24" में सूचना उपलब्ध करवाने के संबंध में–**

1. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की Classwise व Subjectwise संख्या स्प्रेडशीट "**Enrollment 2023**-24" में दिनांक **10.12.2023** तक आवश्यक रूप से भरा जाना सुनिश्चित करें।
2. उक्त स्प्रेडशीट में Classwise व Subjectwise संख्या सूचनाएं पृथक–पृथक शीट में भरी जानी है।

उक्त सूचनाएं वार्षिक प्रतिवेदन एवं विधानसभा में प्रस्तुत की जानी है। साथ ही यह सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों में भी भिजवाई जाती है। अतः प्राचार्य महाविद्यालय से संबंधित सांख्यिकी सूचना भिजवाये जाने एवं स्प्रेडशीट "**Enrollment 2023**-24" में भरे जाने से पूर्व सूचना का अपने स्तर पर परीक्षण कर लेवें। अपूर्ण या गलत सूचना भिजवायें जाने/भरने पर संबंधित प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होगें।

**(सुनील शर्मा)**
**आयुक्त कॉलेज शिक्षा**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित् है–**

1. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. रक्षित पत्रावली।

**आयुक्त कॉलेज शिक्षा**

Signature valid
RajKaj Ref
5112169
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2023.12.01 16:44:40 IST
Reason: Approved

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,राजस्थान, जयपुर
## सांख्यिकी सूचना भरने हेतु दिशा–निर्देश

1. महाविद्यालय का पूरा नाम (राजकीय आदेशानुसार) तथा पंचायत समिति, तहसील, उपखण्ड़, विधानसभा क्षेत्र, जिला व दूरभाष सहित पूर्ण पता अंकित करें।

2. महाविद्यालय का नाम सभी एजेन्सीस– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संबंधित विश्वविद्यालय, AISHE, विभागीय वेबसाईट पर एक समान होना चाहिए।

3. महाविद्यालय का स्थापना वर्ष जैसे कि इन्टरमिडियट से शुरू हुआ है तो वह पहले अंकित करें तथा स्नातक व स्नातकोत्तर की स्थापना कब हुई उसकी सूचना भी अंकित करें।

4. स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर नियमित रूप से संचालित संकायों के विषयों का पूर्ण विवरण वर्ष सहित अंकित करना सुनिश्चित करें।

5. सांख्यिकी पुस्तिका के सभी पृष्ठों में स्पष्ट/पठनीय अंकन करें। यदि सूचना ''शून्य'' है तो ''शून्य'' अंकित करें । किसी भी पृष्ठ को रिक्त न छोड़े।

6. स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत संचालित विषयों की सूचना निर्धारित स्थान पर ही अंकित करें।

7. सांख्यिकी पुस्तिका आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर में नोडल महाविद्यालय के माध्यम से दिनांक 20.12.2023 तक आवश्यक रूप से प्रेषित की जानी है।

8. स्प्रेडशीट **Enrollment 2023**-24 में वांछित सूचनाएं दिनांक **10.12.2023** तक आवश्यक रूप से भरी जानी है।

RajKaj Ref
5112169

Signature valid
Digitally signed by Suman Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2023.12.01 16:44:40 IST
Reason: Approved

# List of Nodal colleges

| क्र.सं. | District | महाविद्यालय का नाम | स्थान | स्थापना वर्ष | Co-Ed /Girls |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ajmer | सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय | अजमेर | 1896 | Co-Ed |
| 2 | Alwar | राजर्षि राजकीय महाविद्यालय | अलवर | 1945 | Co-Ed |
| 3 | Anupgarh | सेठ बिहारी लाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय | अनूपगढ़ | 2014 | Co-Ed |
| 4 | Balotra | मूलचन्द भगवानदास रंगवाला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | बालोतरा | 1991 | Co-Ed |
| 5 | Banswara | श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय | बांसवाडा | 1959 | Co-Ed |
| 6 | Baran | राजकीय महाविद्यालय | बारां | 1966 | Co-Ed |
| 7 | Barmer | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | बाडमेर | 1965 | Co-Ed |
| 8 | Beawar | सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय | ब्यावर | 1955 | Co-Ed |
| 9 | Bharatpur | महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | भरतपुर | 1947 | Co-Ed |
| 10 | Bhilwara | श्री माणिक्य लाल वर्मा. राजकीय महाविद्यालय | भीलवाडा | 1956 | Co-Ed |
| 11 | Bikaner | राजकीय डूंगर महाविद्यालय | बीकानेर | 1935 | Co-Ed |
| 12 | Bundi | राजकीय महाविद्यालय | बूंदी | 1959 | Co-Ed |
| 13 | Chittorgarh | महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | चित्तौडगढ | 1962 | Co-Ed |
| 14 | Choru | राजकीय लोहिया महाविद्यालय | चूरू | 1949 | Co-Ed |
| 15 | Dausa | स्वं पं. नवलकिशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | दौसा | 1960 | Co-Ed |
| 16 | Deedwana-Kuchaman | राजकीय बांगड महाविद्यालय | डीडवाना | 1958 | Co-Ed |
| 17 | Deeg | मास्टर आदित्येन्द्र जी राजकीय महाविद्यालय | डीग | 1977 | Co-Ed |
| 18 | Dholpur | राजकीय महाविद्यालय | धौलपुर | 1961 | Co-Ed |
| 19 | Dudu | राजकीय महाविद्यालय | दूदू | 2017 | Co-Ed |
| 20 | Dungarpur | एस.बी.पी. राजकीय महाविद्यालय | डूंगरपुर | 1961 | Co-Ed |
| 21 | Gangapur City | राजकीय महाविद्यालय | गंगापुरसिटी | 1977 | Co-Ed |
| 22 | Hanumangarh | राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय | हनुमानगढ | 2010 | Co-Ed |
| 23 | **Jaipur & Jaipur Rural** | राजकीय महाविद्यालय | जयपुर | 2013 | Co-Ed |
| 24 | Jaisalmer | सेठ संगीदास बालकिशन कोठारी राजकीय महाविद्यालय | जैसलमेर | 1970 | Co-Ed |
| 25 | Jalore | वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | जालौर | 1966 | Co-Ed |
| 26 | Jhalawar | राजकीय महाविद्यालय | झालावाड | 1958 | Co-Ed |
| 27 | Jhunjhunu | श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय पीजी. महाविद्यालय | झुंझुंनूं | 2004 | Co-Ed |
| 28 | **Jodhpur & Jodhpur Rural** | राजकीय महाविद्यालय | जोधपुर | 2013 | Co-Ed |
| 29 | Karauli | राजकीय महाविद्यालय | करौली | 1960 | Co-Ed |
| 30 | Kekri | राजकीय महाविद्यालय | केकडी | 1977 | Co-Ed |
| 31 | Khairthal-Tijara | राजकीय महाविद्यालय | तिजारा | 2013 | Co-Ed |
| 32 | Kota | राजकीय महाविद्यालय | कोटा | 1945 | Co-Ed |
| 33 | Kotputli-Behror | लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय | कोटपूतली | 1962 | Co-Ed |
| 34 | Nagaur | श्री बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय | नागौर | 1969 | Co-Ed |
| 35 | Neemkathana | सेठ नन्द किशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय | नीम का थाना | 1966 | Co-Ed |
| 36 | Pali | राजकीय बांगड़ महाविद्यालय | पाली | 1961 | Co-Ed |
| 37 | Phalodi | जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | फलौदी | 1999 | Co-Ed |
| 38 | Pratapgarh | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | प्रतापगढ | 1966 | Co-Ed |
| 39 | Rajsamand | सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | राजसमंद | 1994 | Co-Ed |
| 40 | Salumber | हाडा रानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | सलूम्बर | 1991 | Co-Ed |
| 41 | Sanchor | राजकीय महाविद्यालय | सांचौर | 2019 | Co-Ed |
| 42 | Sawai Madhopur | शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय | सवाईमाधोपुर | 1971 | Co-Ed |
| 43 | Shahpura | श्री प्रताप सिंह बारहट राजकीय महाविद्यालय | शाहपुरा | 1965 | Co-Ed |
| 44 | Sikar | श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय | सीकर | 2013 | Girls |
| 45 | Sirohi | राजकीय महाविद्यालय | सिरोही | 1958 | Co-Ed |
| 46 | Sri Ganganagar | डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय | श्रीगंगानगर | 1954 | Co-Ed |
| 47 | Tonk | राजकीय महाविद्यालय | टोंक | 1959 | Co-Ed |
| 48 | Udaipur | राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय | उदयपुर | 1959 | Girls |